(ख) मंत्री-परिषद् के सदस्यों तथा राज्य मंत्रियों में से प्रत्येक ने 1962 से जुलाई, 1966 तक भत्तों के रूप में कितनी राशि ली; और

(ग) क्या यह सच है कि 1962 में बनाई गई मंत्री-परिषद् के सदस्यों ने, आपात-काल होने के बावजूद भी, जिस अवधि में कुछ समय के लिये संसद् सदस्यों के निवास-स्थानों की सफेदी करना तक बन्द कर दिया गया था, 1957 में बनाई गई मंत्री-परिषद् के सदस्यों की अपेक्षा अधिक भत्ते लिये हैं ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य-मंत्री तथा प्रतिरक्षा मंत्रालय में प्रतिरक्षा संभरण मंत्री (श्री हाथी): (क) एक विवरण, जिसमें इस बारे में सूचना दी गई है, सभा पटल पर रखा गया है [पुस्तकालय में रखा गया—देखिये संख्या एल टी-6964/66]

(ख) और (ग). सूचना एकत्रित की जा रही है और यथा समय सदन के सभा-पटल पर रख दी जायगी ।

Planning and Development of New Fertilizer Projects

3733. Shri Subodh Hansda:
Shri S. C. Samanta:
Shri Bhagwat Jha Azad:
Shri M. L. Dwivedi:

Will the Minister of **Petroleum and Chemicals** be pleased to state:

(a) whether the Planning and Development Division of the Fertilisers Corporation of India has been playing an important role in the Planning and Development of new fertiliser projects; and

(b) if so, the total amount of foreign exchange saved during 1965-66 and 1966-67, so far in view of its work for new projects?

The Minister of Petroleum and Chemicals (Shri Alagesan): (a) Yes.

(b) The estimated foreign exchange saving in 1965-66 would be about Rs. 1.6 crores. The foreign exchange that will be saved during 1966-67 will be known only at the end of the year.

दिल्ली में शिक्षकों के वेतन-क्रम

3734. श्री भागवत झा आज़ाद :
श्री हुकम चन्द कछवाय :
श्री सोनावने :
श्री रघुनाथ सिंह :

क्या शिक्षा मंत्री 27 अप्रैल, 1966 के अतारांकित प्रश्न संख्या 4555 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या दिल्ली में शिक्षकों के वेतन-क्रमों के बारे में दिल्ली प्रशासन का प्रतिवेदन प्राप्त हो गया है;

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है; और

(ग) यदि उपरोक्त भाग (क) का उत्तर नकारात्मक हो तो उस में और कितना समय लगने की संभावना है ?

शिक्षा मंत्री (श्री मु० क० चागला) : (क) जी नहीं, रिपोर्ट के शीघ्र ही प्राप्त होने की आशा है ।

(ख) और (ग). प्रश्न नहीं उठता ।

पाकिस्तानी तस्कर व्यापारी का गिरफ्तार किया जाना

3735. श्री भागवत झा आज़ाद :
श्री हुकम चन्द कछवाय :
श्री सोनावने :
श्री रघुनाथ सिंह :

क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि मई, 1966 में जम्मू से लगभग 40 मील की दूरी पर एक पाकिस्तानी तस्कर व्यापारी पकड़ा गया था;